कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-22.03.2025

विषयः- थाना मण्डुवाडीह मे पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त मनोज कुमार पाण्डेय को थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व मे थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-74/2025 धारा 452,427,504,376,506 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र श्री सीताराम पाण्डेय निवासी वर्तमान पता मुहल्ला तारकेश्वर नगर कालोनी शिवदासपुर थाना मण्डुवाडीह वाराणसी को आज दिनांक-22.03.2025 को समय करीब 05.35 बजे अभियुक्त उपरोक्त के घर से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- मा0 न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद वाराणसी के आदेश के अनुपालन के क्रम में वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी की तहरीर के आधार पर दिनांक-19.03.2025 को मु0अ0सं0-0074/2025 धारा 452/427/504/376/506 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी में पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना प्र0नि0 भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र श्री सीताराम पाण्डेय निवासी वर्तमान पता मुहल्ला तारकेश्वर नगर कालोनी शिवदासपुर थाना मण्डुवाडीह वाराणसी, उम्र 30 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- अभियुक्त उपरोक्त के घर से, दिनांक-22.03.2025 को समय करीब 05.35 बजे।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद मोबाइल VIVO जिसका IMEI NO 1-868265058136995, 2-868265058136987 बरामद।

आपराधिक इतिहास-
1. मु0अ0सं0-74/2025 धारा 452,427,504,376,506 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

2.का0 प्रेमचन्द थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

3.का0 रामकुमार थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

4.चा0का0 प्रेमशंकर बाजपेयी थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।